**First Year Examination of the**
**Three Year Degree Course, 2001**

**(For Science and Commerce)**

**GENERAL HINDI**

Time : 3 Hours
[ Maximum Marks :50]

1. निम्नलिखित अवतरणों को सविस्तार समझाइये : **2.5+2.5**

(क) मै थोड़ा बहुत हिन्दू धर्म को समझ पाया हूँ, उसमें यही एक विशेषता है। बाकी और धर्म वाले तो आसानी से अपने मुँह में ले आया करते हैं कि वे सबसे अच्छे है। सही हिन्दू ज्यादा से ज्यादा कभी अपने पुरखों के बड़प्पन को बतायेगा तो वह यह कह देगा कि बड़प्पन की उस ऊचाई तक हम लोग पहुँच जिससे ऊँचे और को कोई नहीं पहुँच सके ।

**अथवा**

आंतकवाद का न किसी राजनैतिक सिद्धान्त से कोई मतलब है, न उसका मानवीय मूल्यों से कोई सरोकार है। आंतकवाद तो अपराधी तत्व का नीचतम प्रदर्शन है, जिसे धर्म का जामा पहनाकर बेगुनाहों को कत्ल किया जा रहा है। लेकिन अब आंतकवाद का पर्दाफाश हो चुका है और यह पता चला है कि उसका धर्म से कोई वास्ता नहीं है।

(ख) मेरे मन में उस समय तरह-तरह के सिद्धान्त आये। मैने स्थिर किया कि अपराध के प्रति करूणा ही होनी चाहिए। रोष का अधिकार नहीं है। प्रेम से ही अपराध वृत्ति को जीता जा सकता है। आतंक से उसे दबाना ठीक नहीं है। बालक का स्वभाव कोमल होता है और सदा ही उससे स्नेह से व्यवहार करना चाहिए।

**अथवा**

उसे जाते देखकर कन्हैयालाल को लगा जैसे हम लोग इतिहास को झुटपुटे में जी रहे है। आपसी रिश्तों के इतिहास का पन्ना पलटा जा रहा है, दूसरा खुल रहा है। इस अगले पन्ने पर जाने हमारे लिए क्या लिखा होगा!

2. 'खोयी हुई पीढ़ियाँ' निबंध में व्यक्त विचारों को अपने शब्दों में लिख्यिे। **8**

**अथवा**

'चूहा और मैं' कहानी की समीक्षा कीजिये।

3. ''दोपहर का भोजन' कहानी जीवन के उन मानवीय संबंधों को जीवित रखने की ओर संकेत करती है, जिन्हें जीवन का कोई अभाव पराजित नहीं कर सकता है।'' प्रस्तुत कथन के संदर्भ में 'दोपहर का भोजन' कहानी की समीक्षा कीजिये। **7**

**अथवा**

'बड़े भाई साहब' कहानी की समीक्षा कीजिये।

4. (क) 'मानक भाषा' पर टिप्पणी लिखिये। **2**

**अथवा**

उपभाषा और बोली में अन्तर बताईये।



PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

(ख) निम्मलिखित उपसर्गो से 2-2 शब्द बनाइये: **3**

नि:, बा, आ

**अथवा**

निम्नलिखित प्रत्ययों से 2-2 शब्द बनाईये :

आइन, अक, इमा

(ग) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं पांच को शुद्ध कीजिये : **5**

i. बाघ और बकरी एक घाट पानी पीती है।
ii. मैंने एक वर्ष तक प्रतिक्षा देखी।
iii. मै आपका दर्शन करने आया हूँ।
iv. यह कविता अनेक भावों को प्रकट करती है।
v. थोड़ी देर बाद वे वापस लोटकर आ गये।
vi. वह मेरे मित्र की स्त्री है।
vii. उपरोक्त वाक्य गलत है।
viii. वह दरअसल में कमजोर है।
ix. उसके गले में बेड़ियाँ पड़ी है।
x. कविता बहुत हंसमुख है।

**अथवा**

निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिये:

निरपराधी, पुज्यनीय, आरोग्यता, उज्जवल, सकुशलपूर्वक, अतिश्योक्ती, धेर्यता, सन्सार, सम्वाद, उद्धार।

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो मुहावरों का वाक्यों में सार्थक प्रयोग कीजिये : **2**

i. आसमान के तारे तोड़ना
ii. ईंट से ईंट बजाना
iii. कीचड़ उछालना
iv. चाँदी का जूता मारना

(ङ) निम्नलिखित गद्यांश का संक्षेपण कीजिये तथा उपयुक्त शीर्षक दीजिये: **3**

बेकारी मनुष्यता के नाम पर एक अभिशाप है। बेकार व्यक्ति का जीवन अंधकारमय होता है। वह अकसर पैसे-पैसे का मोहताज होता है। समाज में उसकी कोई प्रतिष्ठा नहीं होती। वह समाज और परिवार पर भार बनकर रह जाता है। अगर किसी कारण से उसका परिवार उसकी सहायता नहीं करना चाहता या नहीं कर पाता तो उसके भयानक परिणाम निकलते है। उस हालत में कुछ बेकार तो आत्महत्या कर लेते है और कुछ या तो अपराधों में लग जाते है या नशे आदि के शिकार हो जाते है।

**अथवा**

हमारे देश में कुछ लोगों के हाथों में आर्थिक शक्ति केन्द्रित है। वे रूपये से रूपया कमाने को आतुर होते है, इसलिए उचित-अनुचित साधनों का प्रयोग वे अपनी आर्थिक प्रगति के लिए करते है। काला धन हमारे अर्थतन्त्र को बुरी तरह से जकड़े हुए है। अर्थशास्त्रियों ने अनुमान लगाया है कि जितना रूपया सरकार के खजाने में है, उतना ही रूपया पूँजीपतियों के पास काले धन के रूप में जमा है। काले धन से ये पूँजीपति अपना व्यवसाय फैलाने के लिए राजनीतिक दलों, मंत्रियों और अधिकारियों को घूंस देते है। उससे सारा शासनतन्त्र शिथिल हो रहा है।



PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

(च) निम्नलिखित अवतरण का हिन्दी अनुवाद कीजिये : **3**

The station was huge place. It looked like a fort. There was big waiting room for passangers. It was fitted with benches and electric fans. There were stalls. There were ticket-offices, booking-offices, refreshment-rooms and book-stalls. What a noise there was on the platform !

**अथवा**

निम्नलिखित शब्दों के हिन्दी पर्याय लिखिये :

Procedure, Custody, Grant, Dividend, Inspector, Gazette

(छ) प्रारूप किसे कहते है? अच्छे प्रारूप की प्रमुख विशेषताएँ लिखिये। **2**

**अथवा**

राजकीय महाविद्यालय डूंगरपुर के आचार्य की ओर से सांस्कृतिक समारोह के निमंत्रण-पत्र का प्रारूप तैयार कीजिये।

(ज) जिलाधीश, उदयपुर के नाम एक पत्र लिखिये जिसमें उदयपुर की झीलों के संरक्षण हेतु आपके मौलिक सुझाव हों। **3**

**अथवा**

छात्रावास में रह रहे अपने पुत्र के नाम एक काल्पनिक पत्र लिखिये।

5. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिये : **7**

i. छात्र संघ की प्रासंगिकता
ii. राष्ट्रीय एकता और राष्ट्रभाषा
iii. दूरदर्शन - वरदान या अभिशाप
iv. राजस्थान की लोक संस्कृति



PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com